# सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र-I
## सेट-B

1. धान्यकटक, जो महासांघिकों के अधीन एक प्रमुख बौद्ध केंद्र के रूप में समृद्ध हुआ, निम्नलिखित में से किस एक क्षेत्र में अवस्थित था?
(a) आंध्र (b) गांधार
(c) कलिंग (d) मगध

2. प्राचीन भारत के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. स्तूप की संकल्पना मूलत: बौद्ध संकल्पना है।
2. स्तूप आमतौर पर अवशेषों का निक्षेपागार होता था।
3. बौद्ध परंपरा में स्तूप एक संकल्प-अर्पित या स्मारक संरचना होती थी।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?
(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

3. प्राचीन दक्षिण भारत के संदर्भ में, कोरकई, पूमपुहार और मुचीरि किस रूप में सुविख्यात थे?
(a) राजधानी नगर
(b) पत्तन
(c) लोह और इस्पात निर्माण के केंद्र
(d) जैन तीर्थंकरों के चैत्य

4. निम्नलिखित में से कौन-सा एक संगम कविता यथावर्णित 'वटकिरुतल' की प्रथा को स्पष्ट करता है।
(a) राजाओं द्वारा महिला अंगरक्षिकाओं को नियुक्त करना
(b) राजदरबारों में विद्वानों का, धर्म और दर्शन के विषयों पर विचार-विमर्श करने हेतु, एकत्र होना
(c) किशोरियों द्वारा कृषि क्षेत्रों की निगरानी करना और चिड़ियों तथा पशुओं को भगाना
(d) युद्ध में पराजित राजा का आमरण अनशन आनुष्ठानिक मृत्युवरण करना

5. निम्नलिखित साम्राज्यों पर विचार कीजिये:
1. होयसल
2. गहड़वाल
3. काकतीय
4. यादव

उपर्युक्त में से कितने साम्राज्यों ने अपने राज आद्य आठवीं शताब्दी ईस्वी में स्थापित किये?
(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) केवल तीन (d) किसी ने नहीं

6. प्राचीन भारतीय इतिहास के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| **साहित्यिक कृति** | | **रचनाकार** |
|---|---|---|
| 1. देवीचंद्रगुप्त | : | बिल्हण |
| 2. हम्मीर-महाकाव्य | : | नयचंद्र सूरि |
| 3. मिलिंद-पन्ह | : | नागार्जुन |
| 4. नीतिवाक्यामृत | : | सोमदेव सूरि |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित है?
(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) केवल तीन (d) सभी चार

7. "आत्मा केवल जंतु और पादप जीवन की संपदा नहीं है, बल्कि शिलाओं, प्रवाहित जलधाराओं और अन्य अनेक प्राकृतिक वस्तुओं की भी है, जिन्हें अन्य धार्मिक संप्रदाय जीवित नहीं मानते।"

उपर्युक्त कथन प्राचीन भारत के निम्नलिखित में से किस एक धार्मिक संप्रदाय के एक मूलभूत विश्वास को प्रतिबिंबित करता है?
(a) बौद्ध परंपरा (b) जैन परंपरा
(c) शैव परंपरा (d) वैष्णव परंपरा

8. विजयनगर साम्राज्य के इनमें से किस एक शासक ने तुंगभद्रा नदी पर एक विशाल बाँध निर्मित किया और नदी से राजधानी नगर तक कई किलोमीटर लंबी एक नहर और कुल्या का निर्माण किया?
(a) देवराय प्रथम (b) मल्लिकार्जुन
(c) वीर विजय (d) विरूपाक्ष

9. मध्यकालीन गुजरात के इनमें से किस एक शासक ने दियु को पुर्तगालियों के सुपुर्द कर दिया?
(a) अहमद शाह (b) महमूद बेगढ़ा
(c) बहादुर शाह (d) मुहम्मद शाह

Prepare with DrishtiIAS
Classroom Courses SCAN ME
Online Courses SCAN ME
Books & Magazines SCAN ME
UPSC Mains Test Series 2023 (GS/ Optionals/Essay) SCAN ME

10. निम्नलिखित में से किस एक ऐक्ट द्वारा बंगाल के गवर्नर जनरल को भारत के गवर्नर जनरल के रूप में अभिहित किया गया था?
(a) रेगुलेटिंग ऐक्ट (b) पिट्स इंडिया ऐक्ट
(c) 1793 का चार्टर ऐक्ट (d) 1833 का चार्टर ऐक्ट

11. सारभूत रूप में, 'विधि की सम्यक प्रक्रिया' का अभिप्राय क्या है?
(a) नैसर्गिक न्याय का सिद्धांत
(b) विधि द्वारा स्थापित पद्धति
(c) विधि की निष्पक्ष प्रयुक्ति
(d) विधि के समक्ष समता

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-I:** भारत में, दैनंदिन जेल प्रशासन के लिये, जेलों का अनुरक्षण राज्य सरकारें अपने नियमों और विनियमों करती हैं।

**कथन-II:** भारत में, जेल का नियंत्रण जेल अधिनियम, 1894 द्वारा किया जाता है, जिससे जेल का विषय स्पष्ट रूप से प्रांतीय सरकारों के नियंत्रण में रहा।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?
(a) कथन-1 और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है
(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही है तथा कथन-II, कथन-1 की सही व्याख्या नहीं है
(c) कथन-I सही है किन्तु कथन-II गलत है
(d) कथन-I गलत है किन्तु कथन-II सही है

13. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन किसी देश के 'संविधान' के मुख्य प्रयोजन को सर्वोत्तम रूप से प्रतिबिंबित करता है?
(a) यह आवश्यक विधियों के निर्माण के उद्देश्य का निर्धारण करता है।
(b) यह राजनीतिक पदों और सरकार के सृजन को सुकर बनाता है।
(c) यह सरकार की शक्तियों को परिभाषित और सीमाबद्ध करता है।
(d) यह सामाजिक न्याय, सामाजिक समता और सामाजिक सुरक्षा को प्रतिभूत करता है।

14. भारत में, निम्नलिखित में से किस संविधान संशोधन के लिये व्यापक रूप से यह माना गया है कि उसे मूल अधिकारों की न्यायिक व्याख्या को अधिभूत करने के लिये अधिनियमित किया गया?
(a) पहला संशोधन (b) 42वाँ संशोधन
(c) 44वाँ संशोधन (d) 86वाँ संशोधन

15. भारत के निम्नलिखित संगठनों/निकायों पर विचार कीजिये:
1. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
2. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग
3. राष्ट्रीय विधि आयोग
4. राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग

उपर्युक्त में से कितने सांविधानिक निकाय हैं?
(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) केवल तीन (d) सभी चार

16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. यदि भारत के राष्ट्रपति का निर्वाचन भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा शून्य घोषित कर दिया जाता है, तो ऐसे विनिश्चय की तिथि से पूर्व राष्ट्रपति के पद के कर्तव्यों के निष्पादन में राष्ट्रपति के द्वारा किये गए सभी कृत्य अविधिमान्य हो जाते हैं।
2. भारत के राष्ट्रपति के पद के लिये निर्वाचन इस आधार पर मुल्तवी किया जा सकता है कि कुछ विधान-सभाएँ विघटित हो गई हैं और उनके निर्वाचन अभी होने शेष हैं।
3. कोई विधेयक भारत के राष्ट्रपति को प्रस्तुत किये जाने पर, संविधान द्वारा विहित की गई समय-सीमा के अंदर राष्ट्रपति को अपनी अनुमति देनी होती है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?
(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

17. भारतीय संसद में वित्त विधेयक और धन विधेयक के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. जब लोक सभा वित्त विधेयक को राज्य सभा में भेजती है, तो राज्य सभा उस विधेयक को संशोधित या अस्वीकृत कर सकती है।
2. जब लोक सभा धन विधेयक को राज्य सभा में भेजती है, तो राज्य सभा उस विधेयक को संशोधित या अस्वीकृत नहीं कर सकती, वह केवल अनुशंसाएँ कर सकती है।
3. लोक सभा और राज्य सभा के बीच असहमति होने पर, धन विधेयक के लिये कोई संयुक्त बैठक नहीं होती, किन्तु वित्त विधेयक के लिए, संयुक्त बैठक आवश्यक होती है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?
(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

Prepare with DrishtiIAS
Classroom Courses SCAN ME
Online Courses SCAN ME
Books & Magazines SCAN ME
UPSC Mains Test Series 2023 (GS/ Optionals/Essay) SCAN ME

18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

एक बार यदि केंद्र सरकार किसी क्षेत्र को 'समुदाय प्रारक्षित' अधिसूचित कर देती है, तो

1. राज्य का मुख्य वन्यजीव वार्डन ऐसे वन का नियंत्रक प्राधिकारी बन जाता है।
2. ऐसे क्षेत्र में शिकार की अनुमति नहीं होती है।
3. ऐसे क्षेत्र के लोगों को गैर-इमारती लकड़ी वनोत्पाद को संग्रह करने की अनुमति होती है।
4. ऐसे क्षेत्र के लोगों को पारंपरिक कृषि प्रथाओं की अनुमति होती है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) केवल तीन (d) सभी चार

19. भारत में 'अनुसूचित क्षेत्र' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. किसी राज्य के भीतर, किसी क्षेत्र की अनुसूचित क्षेत्र के रूप में अधिसूचना राष्ट्रपति के एक आदेश के माध्यम से होती है।
2. अनुसूचित क्षेत्र के रूप में बनने वाली सबसे बड़ी प्रशासकीय इकाई जिला होता है और सबसे छोटी इकाई ब्लॉक में गाँवों का समूह होता है।
3. संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से अपेक्षित है कि वे राज्यों के अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन के विषय में केंद्रीय गृह मंत्रालय को वार्षिक प्रतिवेदन दें।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

कथन-I: भारत के उच्चतम न्यायालय ने अपने कतिपय निर्णयों में यह विचारण किया है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 16(4) के अधीन बनाई गई आरक्षण नीतियाँ प्रशासन की दक्षता को बनाए रखने के लिये अनुच्छेद 335 द्वारा सीमित होगी।

कथन-II : भारत के संविधान का अनुच्छेद 335 'प्रशासन की दक्षता' पद को परिभाषित करता है।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।
(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
(c) कथन-I सही है किन्तु कथन-II गलत है।
(d) कथन-I गलत है किन्तु कथन-II सही है।

21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-I:** भारत, अपने पास यूरेनियम निक्षेप (डिपॉजिट) होने के बावजूद, अपने अधिकांश विद्युत् उत्पादन के लिये कोयले पर निर्भर करता है।

**कथन-II:** विद्युत् उत्पादन के लिये कम से कम 60% तक समृद्ध (एन्रिच्ड) यूरेनियम का होना आवश्यक है।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही है कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।
(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही तथा तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
(c) कथन-I सही है किन्तु कथन-II गलत है।
(d) कथन-I गलत है किन्तु कथन-II सही है।

22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

कथन-I: शिशुधानी-स्तनी (मार्सूपियल) प्राकृतिक रूप से भारत में नहीं होते।

कथन-II : शिशुधानी-स्तनी केवल परभक्षी-रहित पर्वतीय घास स्थलों में ही पनप सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही है तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।
(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
(c) कथन-I सही है किन्तु कथन-II गलत है
(d) कथन-I गलत है किन्तु कथन-II सही है

23. 'संक्रामक (इन्वेसिव) जीव-जाति (स्पीशीज़) विशेषज्ञ समूह' (जो वैश्विक संक्रामक जीव-जाति डेटाबेस विकसित करता है) निम्नलिखित में से किस एक संगठन से संबंधित है?

(a) अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (इंटरनैशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर)
(b) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूनाइटेड नेशंस एन्वाइरनमेंट प्रोग्राम)

Prepare with DrishtiIAS

Classroom Courses SCAN ME
Online Courses SCAN ME
Books & Magazines SCAN ME
UPSC Mains Test Series 2023 (GS/ Optionals/Essay) SCAN ME

(c) संयुक्त राष्ट्र का पर्यावरण एवं विकास पर विश्व आयोग (यूनाइटेड नेशंस वर्ल्ड कमीशन फॉर एन्वाइरनमेंट ऍंड डेवेलप्मेंट)
(d) प्रकृति के लिये विश्वव्यापी निधि (वर्ल्डवाइड फंड फॉर नेचर)

24. निम्नलिखित प्राणिजात पर विचार कीजिये:
1. सिंह-पुच्छी मकाक
2. मालाबार सिवेट
3. सांभर हिरण

उपर्युक्त में से कितने आमतौर पर रात्रिचर हैं या सूर्यास्त के बाद अधिक सक्रिय होते हैं?
(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

25. निम्नलिखित में से कौन-सा जीव अपने सगे-संबंधियों को अपने खाद्य के स्रोत की दिशा और दूरी इंगित करने के लिये दोलन नृत्य (वैगल डांस) करता है?
(a) तितली (b) व्याध पतंग (ड्रैगनफ्लाई)
(c) मधुमक्खी (d) बर्र

26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. कुछ छत्रको (मशरूमों) में औषधीय है।
2. कुछ छत्रकों में मन:प्रभावी (साइकोऐक्टिव) गुण होते हैं।
3. कुछ छत्रकों में कीटनाशी गुण होते हैं।
4. कुछ छत्रको मैं जैव संदीप्तिशील (बायोल्युमिनिसेंट) गुण होते हैं।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?
(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) केवल तीन (d) सभी चार

27. भारतीय गिलहरियों के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. वे भूमि में बिल बनाकर अपने नीड़ का निर्माण करती हैं।
2. वे अपने भोज्य पदार्थों, जैसे कि दृढ़फलों (नट) और बीजों को भूमि के अंदर जमा करती हैं।
3. वे सर्वभक्षी होती हैं।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?
(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. कुछ सूक्ष्मजीव जल के क्वथनांक से ऊपर के तापमान वाले वातावरण में पनप सकते हैं।
2. कुछ सूक्ष्मजीव जल के हिमांक से नीचे के तापमान वाले वातावरण में पनप सकते हैं।
3. कुछ सूक्ष्मजीव 3 से कम pH वाले अत्यंत अम्लीय वातावरण में पनप सकते हैं।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?
(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

29. निम्नलिखित में से कौन, किसी वृक्ष या लकड़ी के लट्ठे में बने छिद्र में से कीटों को खुरचने के लिये लकड़ी का औज़ार बनाता है?
(a) मत्स्यन मार्जार (फिशिंग कैट)
(b) औरंगउटैन
(c) ऊदबिलाव
(d) स्लॉथ बियर

30. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:
1. ऐरोसॉल
2. फोम एजेंट
3. अग्निमंदक
4. स्नेहक (लूब्रिकेंट)

उपर्युक्त में से कितनों को बनाने में हाइड्रोफ्लुओरोकार्बन प्रयुक्त होते हैं?
(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) केवल तीन (d) सभी चार

31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. झेलम नदी, वुलर झील से होकर जाती है।
2. कृष्णा नदी सीधे कोल्लेरू झील का भरण करती है।
3. गंडक नदी के विसर्पण से काँवर झील निर्मित हुई है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?
(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

32. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| **पत्तन (पोर्ट)** | | **जिस रूप में सुविख्यात है** |
|---|---|---|
| 1. कामराजर पोर्ट | : | भारत में एक कम्पनी के रूप में पंजीकृत सबसे पहला प्रमुख पत्तन |
| 2. मुंद्रा पोर्ट | : | भारत में निजी स्वामित्व वाला सबसे बड़ा पत्तन |
| 3. विशाखापत्तनम पोर्ट | : | भारत में सबसे बड़ा आधान पत्तन (कंटेनर पोर्ट) |

Prepare with DrishtiIAS
Classroom Courses
SCAN ME
Online Courses
SCAN ME
Books & Magazines
SCAN ME
UPSC Mains Test Series 2023 (GS/ Optionals/Essay)
SCAN ME

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(a) केवल एक युग्म (b) केवल दो युग्म
(c) सभी तीन युग्म (d) कोई भी युग्म नहीं

33. निम्नलिखित वृक्षों पर विचार कीजिये:
1. कटहल *(आर्टोकार्पस हेटेरोफाइलस)*
2. महुआ *(मधुका इंडिका)*
3. सागौन *(टेक्टोना ग्रैन्डिस)*

उपर्युक्त में से कितने पर्णपाती वृक्ष हैं?

(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. चीन की तुलना में भारत के पास अधिक कृषियोग्य क्षेत्र है।
2. चीन की तुलना में भारत में सिंचित क्षेत्र का अनुपात अधिक है।
3. चीन की तुलना में भारत की कृषि में प्रति हेक्टेयर औसत उत्पादकता अधिक है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?

(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

35. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, समुद्र स्तर में पुनरावर्ती गिरावट का सर्वोत्तम उदाहरण है, जिससे वर्तमान समय की सुविस्तृत कच्छभूमि उत्पन्न हुई है?

(a) भीतरकनिका गरान (मैन्ग्रोव) (b) मरक्कनम लवण बेसिन
(c) नौपाड़ा अनूप (d) कच्छ का रण

36. भारत के कतिपय तटीय क्षेत्रों में, प्रचुर मात्रा में उपलब्ध इल्मेनाइट और रूटाइल निम्नलिखित में से किसके समृद्ध स्रोत हैं?

(a) ऐलुमिनियम (b) ताम्र
(c) लौह (d) टाइटेनियम

37. संसार का लगभग तीन-चौथाई कोबाल्ट, जो विद्युत् मोटर वाहनों की बैटरी के निर्माण के लिये आवश्यक धातु है, किस देश द्वारा उत्पादित किया जाता है?

(a) अर्जेन्टीना
(b) बोत्सवाना
(c) कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ द कांगो)
(d) कज़ाख़िस्तान

38. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, कांगो बेसिन का भाग है?

(a) कैमरून (b) नाइज़ीरिया
(c) दक्षिण सूडान (d) युगांडा

39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. अमरकंटक पहाड़ियाँ विन्ध्य और सह्याद्रि श्रेणियों के संगम पर हैं।
2. बिलीगिरिरंगन पहाड़ियाँ सतपुड़ा श्रेणी के सबसे पूर्वी भाग हैं।
3. शेषाचलम पहाड़ियाँ पश्चिमी घाट के सबसे दक्षिणी भाग हैं।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?

(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

40. भारत की कनेक्टिविटी परियोजनाओं के संदर्भ निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना के अधीन पूर्व-पश्चिम गलियारा (कॉरिडोर), डिब्रूगढ़ और सूरत को जोड़ता है।
2. त्रिपक्षीय राजमार्ग मणिपुर में मोरेह को, म्यांमार से होते हुए, थाईलैंड में चियांग माई से जोड़ता है।
3. बांग्लादेश चीन-भारत-म्यांमार आर्थिक गलियारा (कॉरिडोर) उत्तर प्रदेश में वाराणसी को चीन में कुनमिंग से जोड़ता है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

**कथन-I:** आधारिक संरचना निवेश न्यासों (InvITs) में जमा (डिपॉजिट) से हुई ब्याज की आय, जो उनके निवेशकों में वितरित की जाती है, कर से छूट प्राप्त है, किन्तु लाभांश करयोग्य है।

**कथन-II:** 'वित्तीय परिसंपत्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002' के अधीन InvITs को ऋणी के रूप में मान्यता प्राप्त है। उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।
(b) कथन-1 और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
(c) कथन-I सही है किन्तु कथन-II गलत है
(d) कथन-I गलत है किन्तु कथन-II सही है

Prepare with DrishtiIAS

Classroom Courses SCAN ME
Online Courses SCAN ME
Books & Magazines SCAN ME
UPSC Mains Test Series 2023 (GS/ Optionals/Essay) SCAN ME

42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

कथन-I: कोविड विश्वमारी के बाद के हाल के विगत काल में, पूरे विश्व में अनेक केंद्रीय बैंकों ने ब्याज दरें बढ़ा दी थीं।

कथन-II : आमतौर पर केंद्रीय बैंक मानते हैं कि उनके पास बढ़ती हुई उपभोक्ता कीमतों का, मौद्रिक नीति के उपायों से, प्रतिकार करने की सामर्थ्य है।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।
(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
(c) कथन-I सही है किन्तु कथन-II गलत है
(d) कथन-I गलत है किन्तु कथन-II सही है

43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

कथन-I: ऐसी संभावना है कि कार्बन बाज़ार, जलवायु परिवर्तन से निपटने का एक सबसे व्यापक साधन हो जाए।

कथन-II : कार्बन बाज़ार संसाधनों को प्राइवेट सेक्टर से राज्य को हस्तांतरित कर देते हैं।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।
(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
(c) कथन-I सही है किन्तु कथन-II गलत है।
(d) कथन-I गलत है किन्तु कथन-II सही है।

44. भारतीय रिज़र्व बैंक की निम्नलिखित में से किस एक गतिविधि को 'बंध्यकरण (स्टेरिलाइजेशन)' के एक के रूप में माना जाता है?

(a) 'खुला बाज़ार कार्रवाई' का संचालन
(b) निपटारा और भुगतान प्रणालियों की निगरानी
(c) केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के लिये ऋण एवं रोकड़ प्रबंधन
(d) गैर-बैंक वित्तीय संस्थानों के कार्यों का विनियमन

45. निम्नलिखित बाज़ारों पर विचार कीजिये:

1. सरकारी बॉन्ड बाज़ार
2. शीघ्रावधि द्रव्य बाज़ार (कॉल मनी मार्केट)
3. कोषपत्र बाज़ार (ट्रेजरी बिल मार्केट)
4. स्टॉक बाज़ार

पूँजी बाज़ार में, उपर्युक्त में से कितने शामिल हैं?

(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) केवल तीन (d) सभी चार

46. निम्नलिखित में से कौन-सा एक, 'लघु कृषक बड़े खेत' की संकल्पना का सर्वोत्तम वर्णन है?

(a) युद्ध के कारण अपने देशों से बड़ी संख्या में विस्थापित लोगों का, एक बड़ी खेतीयोग्य ज़मीन देकर, जिसमें वे सामूहिक खेती कर उपज को आपस में बाँटते हैं, पुनःस्थापन करना
(b) किसी क्षेत्र के अनेक सीमांत कृषक अपने आपको समूहों में व्यवस्थित कर चुनिन्दा कृषि संक्रियाओं में समकालन और संगति लाते हैं
(c) किसी क्षेत्र के अनेक सीमांत कृषक मिलकर किसी निगमित निकाय के साथ संविदा कर अपनी ज़मीन उस निगमित निकाय को किसी नियत अवधि के लिये दे देते हैं, जिसके लिये वह निगमित निकाय कृषकों को एक सहमत राशि का भुगतान करता है
(a) कोई कम्पनी किसी क्षेत्र के कुछ संख्या में लघु कृषकों को ऋण, तकनीकी जानकारियाँ और सामग्री की निविष्टियाँ प्रदान करती है, ताकि वे कंपनी की विनिर्माण प्रक्रिया और वाणिज्यिक उत्पादन के लिये उसकी ज़रूरत के कृषि-पण्य का उत्पादन करें

47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत सरकार काले तिल [नाइजर *(गुइज़ोटिया एबिसिनिका)*] के बीजों के लिये न्यूनतम समर्थन कीमत उपलब्ध कराती है।
2. काले तिल की खेती खरीफ की फसल के रूप में की जाती है।
3. भारत के कुछ जनजातीय लोग काले तिल के बीजों का तेल भोजन पकाने के लिये प्रयोग में लाते हैं।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

48. निम्नलिखित परिसंपत्तियों में निवेशों पर विचार कीजिये :

1. ब्रांड पहचान 2. माल-सूची
3. बौद्धिक संपदा 4. ग्राहकों की डाक सूची

उपर्युक्त में से कितने अमूर्त निवेश माने जाते हैं?

(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) केवल तीन (d) सभी चार

**Prepare with DrishtiIAS**

Classroom Courses SCAN ME
Online Courses SCAN ME
Books & Magazines SCAN ME
UPSC Mains Test Series 2023 (GS/ Optionals/Essay) SCAN ME

49. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:
   1. जनांकिकीय निष्पादन
   2. वन और पारिस्थितिकी
   3. शासन सुधार
   4. स्थिर सरकार
   5. कर एवं राजकोषीय प्रयास

   समस्तर कर-अवक्रमण के लिये पंद्रहवें वित्त आयोग ने उपर्युक्त में से कितने को जनसंख्या क्षेत्रफल और आय के अंतर के अलावा निकष के रूप में प्रयुक्त किया?

   (a) केवल दो  (b) केवल तीन
   (c) केवल चार  (d) सभी पाँच

50. निम्नलिखित आधारिक संरचना क्षेत्रकों पर विचार कीजिये:
   1. किफायती आवास
   2. सर्वसाधारण द्रुत परिवहन (मास रैपिड ट्रांसपोर्ट)
   3. स्वास्थ्य देखभाल
   4. पुनर्नवीकरणीय ऊर्जा

   उपर्युक्त में से कितनों पर यू.एन.ओ.पी.एस. आधारिक संरचना और नवाचार में धारणीय निवेश पहल [सस्टेनेबल इन्वेस्टमेंट्स इन इन्फ्रास्ट्रक्चर ऐंड इनोवेशन (S3i)] अपने निवेशों के लिये ध्यान केन्द्रित करता है।

   (a) केवल एक  (b) केवल दो
   (c) केवल तीन  (d) सभी चार

51. होम गार्ड के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. होम गार्ड को होम गार्ड अधिनियम और केंद्र सरकार के नियमों के अधीन समुत्थापित किया जाता है।
   2. होम गार्ड की भूमिका आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने में पुलिस को सहायक बल के रूप में सेवा देने की है।
   3. अंतर्राष्ट्रीय सीमा/तटीय क्षेत्रों में घुसपैठ रोकने के लिये कुछ राज्यों में सीमा विंग होम गार्ड बटालियनें समुत्थापित की गई हैं।

   उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

   (a) केवल एक  (b) केवल दो
   (c) सभी तीन  (d) कोई भी नहीं

52. भारत के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **कृत्य** | **यह कृत्य जिस अधिनियम के अधीन आता है** |
|---|---|---|
| 1. | अनधिकृत रूप से पुलिस या सेना की वर्दी को पहनना | : शासकीय गुप्त बात अधिनियम, 1923 |
| 2. | किसी पुलिस अधिकारी या सैनिक अधिकारी के ड्यूटी में तैनात होने के दौरान जान-बूझ कर उन्हें गुमराह करना या अन्यथा उनके साथ हस्तक्षेप करना | : भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 |
| 3. | बंदूक/तोप से अनुष्ठानपरक गोली/गोला दागना जिससे अन्य लोगों की वैयक्तिक सुरक्षा के लिये जोखिम हो सकता हो | : आयुध (संशोधन) अधिनियम, 2019 |

   उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

   (a) केवल एक  (b) केवल दो
   (c) सभी तीन  (d) कोई भी नहीं

53. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **प्रायः समाचारों में उल्लिखित होने वाले क्षेत्र** | **समाचारों में होने का कारण** |
|---|---|---|
| 1. | उत्तरी किवू और इटुरी | : आमनिया और अज़रबैजान के बीच युद्ध |
| 2. | नागोर्नो कारबाख | : मोज़ाम्बीक में उपप्ल |
| 3. | खेरसॉन और जपोरिज़िया | : इजराइल और लेबनाम के बीच विवाद |

   उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित है?

   (a) केवल एक  (b) केवल दो
   (c) सभी तीन  (a) कोई भी नहीं

54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   **कथन-I:** इज़राइल ने कुछ अरब राज्यों के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किये हैं।

   **कथन-II:** 'अरब शांति पहल' सऊदी अरब की मध्यस्थता से इज़राइल और अरब लीग के बीच हस्ताक्षरित हुआ।

   उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

   (a) कथन-1 और कथन-II दोनों सही हैं तब कथन-II, कथन-1 की सही व्याख्या है।
   (b) कथन-1 और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-1 की सही व्याख्या नहीं है।

Prepare with DrishtiIAS

Classroom Courses — SCAN ME
Online Courses — SCAN ME
Books & Magazines — SCAN ME
UPSC Mains Test Series 2023 (GS/ Optionals/Essay) — SCAN ME

(c) कथन-I सही है किन्तु कथन-II गलत है
(d) कथन-1 गलत है किन्तु कथन-II सही है

55. खेल पुरस्कारों के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | | |
|---|---|---|
| 1. मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार | : | किसी खिलाड़ी द्वारा पिछले चार वर्षों की अवधि के दौरान सबसे शानदार और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये |
| 2. अर्जुन पुरस्कार | : | किसी खिलाड़ी द्वारा जीवन- काल की उपलब्धियों के लिये |
| 3. द्रोणाचार्य पुरस्कार | : | उन प्रतिष्ठित प्रशिक्षकों को सम्मानित करने के लिये जिन्होंने सफलतापूर्वक खिलाड़ियों या टीमों को प्रशिक्षित किया है |
| 4. राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार | : | खिलाड़ियों द्वारा रिटायर होने के बाद भी किये गए योगदान की सराहना करने के लिये |

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?
(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) केवल तीन (d) सभी चार

56. 44वें शतरंज ओलिम्पियाड, 2022 के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. यह पहली बार था, जब शतरंज ओलिम्पियाड भारत में आयोजित किया गया।
2. इसके अधिकृत शुभंकर को 'तंबि' नाम दिया गया था।
3. ओपेन सेक्शन में जीतने वाली टीम के लिये ट्रॉफी, वेरा मेंचिक कप होती है।
4. महिला विभाग (सेक्शन) में जीतने वाली टीम के लिये ट्रॉफी, हैमिल्टन-रसेल कप होती है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?
(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) केवल तीन (d) सभी चार

57. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| **समाचारों में उल्लिखित संघर्ष का क्षेत्र** | | **जिस देश में अवस्थित है** |
|---|---|---|
| 1. डोनबास | : | सीरिया |
| 2. काचिन | : | इथियोपिया |
| 3. टिग्रे | : | उत्तरी यमन |

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?
(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई भी नहीं

58. हाल के वर्षों में, चाड, गिनी, माली और सूडान ने निम्नलिखित में से किस एक कारण से अंतर्राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया, जो इन सभी देशों से संबंधित है?
(a) दुर्लभ मृदा तत्त्वों से समृद्ध निक्षेपों की खोज
(b) चीनी सैन्य बेस का स्थापित होना
(c) सहारा मरुस्थल का दक्षिणाभिमुखी प्रसार
(d) सफल तख्ता-पलट

59. निम्नलिखित भारी उद्योगों पर विचार कीजिये:
1. उर्वरक संयंत्र
2. तेलशोधक कारखाने
3. इस्पात संयंत्र

उपर्युक्त में से कितने उद्योगों के विकार्बनन में हरित हाइड्रोजन की महत्त्वपूर्ण भूमिका होने की अपेक्षा है?
(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

60. G-20 के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. G-20 समूह की मूल रूप से स्थापना वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक और वित्तीय मुद्दों पर चर्चा के मंच के रूप में की गई थी।
2. डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचा भारत की G-20 प्राथमिकताओं में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

61. भारतीय इतिहास के संदर्भ में, अलेक्जेंडर री., ए.एच. लॉन्गहर्स्ट, रॉबर्ट स्वेल, जेम्स बर्गेस और किस गतिविधि से जुड़े थे?
(a) पुरातात्त्विक उत्खनन
(b) औपनिवेशिक भारत में अंग्रेजी प्रेस की स्थापना
(c) देशी रजवाड़ों में गिरजाघरों की स्थापना
(d) औपनिवेशिक भारत में रेल का निर्माण

Prepare with DrishtiIAS
Classroom Courses SCAN ME
Online Courses SCAN ME
Books & Magazines SCAN ME
UPSC Mains Test Series 2023 (GS/ Optionals/Essay) SCAN ME

62. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **स्थल** | | **जिसके लिये जाना जाता है** |
|---|---|---|---|
| 1. | बेसनगर | : | शैव गुफा मंदिर |
| 2. | भाजा | : | बौद्ध गुफा मंदिर |
| 3. | सित्तनवासल | : | जैन गुफा मंदिर |

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

(a) केवल एक (b) केवल दो

(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

63. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-1:** 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में घोषित किया गया है।

कथन-**II:** 1905 में, इसी दिन स्वदेशी आंदोलन शुरू किया गया था।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

(c) कथन-I सही है किन्तु कथन-II गलत है

(d) कथन-I गलत है किन्तु कथन-II सही है

64. भारत की ध्वज-संहिता, 2002 के अनुसार, भारत के राष्ट्रीय ध्वज के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-I:** भारत के राष्ट्रीय ध्वज का एक मानक आमाप 600 मि०मी० × 400 मि०मी० है।

कथन-**II:** ध्वज की लंबाई से ऊँचाई (चौड़ाई) का अनुपात 3 : 2 होगा।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

(c) कथन-I सही है किन्तु कथन-II गलत है

(d) कथन-I गलत है किन्तु कथन-II सही है

65. संविधान दिवस के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर कीजिये:

**कथन-I:** नागरिकों के बीच सांविधानिक मूल्यों को संवर्द्धित करने के लिये संविधान दिवस प्रतिवर्ष 26 नवंबर को मनाया जाता है।

**कथन-II:** 26 नवंबर, 1949 को, भारत की संविधान सभा में भारत के संविधान का प्रारूप तैयार करने के लिये डॉ० बी० आर० अम्बेडकर की अध्यक्षता में प्रारूपण समिति बनाई।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही है तथा कथन-II, कथन-1 की सही व्याख्या नहीं है।

(c) कथन-I सही है किन्तु कथन-II गलत है।

(d) कथन-I गलत है किन्तु कथन-II सही है।

66. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-I:** स्विट्ज़रलैंड, मूल्य के आधार पर, स्वर्ण के अग्रणी निर्यातकों में से एक है।

**कथन-II:** स्विट्ज़रलैंड के पास विश्व का दूसरा विशालतम स्वर्ण निचय (रिज़र्व) है।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही है तथा कथन-II, कथन-1 की सही व्याख्या है

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही है तथा कथन-II, कथन-1 की सही व्याख्या नहीं है।

(c) कथन-I सही है किन्तु कथन-II गलत है

(d) कथन-I गलत है किन्तु कथन-II सही है

67. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-I:** हाल ही में, संयुक्त राज्य अमरीका (यू.एस.ए.) और यूरोपीय संघ (ई.यू.) ने 'व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद्' प्रारंभ की है।

**कथन-II:** संयुक्त राज्य अमरीका और यूरोपीय संघ यह दावा करते हैं कि वे इसके माध्यम से तकनीकी प्रगति और भौतिक उत्पादकता को अपने नियंत्रण में लाने का प्रयास कर रहे हैं।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही है तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही है तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

(c) कथन-I सही है किन्तु कथन-II गलत है

(d) कथन-I गलत है किन्तु कथन-II सही है

Prepare with DrishtiIAS

Classroom Courses SCAN ME

Online Courses SCAN ME

Books & Magazines SCAN ME

UPSC Mains Test Series 2023 (GS/ Optionals/Essay) SCAN ME

68. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

**कथन-I:** वस्तुओं के वैश्विक निर्यात में भारत का निर्यात 3.2% है।

**कथन-II:** भारत में कार्यरत अनेक स्थानीय कंपनियों एवं भारत में कार्यरत कुछ विदेशी कंपनियों ने भारत की 'उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव)' योजना का लाभ उठाया है।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

(c) कथन-I सही है किन्तु कथन-II गलत है

(d) कथन-I गलत है किन्तु कथन-II सही है

69. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

यूरोपीय संघ का 'स्थिरता एवं संवृद्धि समझौता (स्टेबिलिटी ऐंड ग्रोथ पैक्ट)' ऐसी संधि है, जो

1. यूरोपीय संघ के देशों के बजटीय घाटे के स्तर को सीमित करती है
2. यूरोपीय संघ के देशों के लिये अपनी आधारिक संरचना सुविधाओं को आपस में बाँटना सुकर बनाती है
3. यूरोपीय संघ के देशों के लिये अपनी प्रौद्योगिकियों को आपस में बाँटना सुकर बनाती है

उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?

(a) केवल एक (b) केवल दो

(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

70. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हाल ही में, संयुक्त राष्ट्र के सभी देशों ने अंतर्राष्ट्रीय प्रवास के लिये अभी तक की पहली संविदा, 'सुरक्षित, व्यवस्थित और नियमित प्रवास के लिये वैश्विक संविदा [ग्लोबल कॉम्पैक्ट पर सेफ, ऑर्डरली ड रेगुलर माइग्रेशन (जी.सी.एम.)]' अपनाई है।
2. जी.सी.एम. में अधिकथित उद्देश्य और प्रतिबद्धताएँ यू.एन. सदस्य देशों पर बाध्यकारी है।
3. जी.सी.एम. अपने उद्देश्यों और प्रतिबद्धताओं के अंतर्गत आंतरिक प्रवास या आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों के लिये भी कार्य करती है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?

(a) केवल एक (b) केवल दो

(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

71. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:

1. बुल्गारिया 2. चेक रिपब्लिक
3. हंगरी 4. लातविया
5. लिथुआनिया 6. रोमानिया

उपर्युक्त में से कितने देशों की सीमाएँ यूक्रेन की सीमा के साथ साझी हैं?

(a) केवल दो (b) केवल तीन

(c) केवल चार (d) केवल पाँच

72. पृथ्वी के वायुमंडल के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

(a) भूमध्यरेखा पर प्राप्त होने वाले सूर्यताप की कुल मात्रा, ध्रुवों पर प्राप्त होने वाले सूर्यताप की कुल मात्रा की लगभग 10 गुनी है।

(b) अवरक्त किरणें सूर्यताप के लगभग दो-तिहाई भाग हैं।

(c) अवरक्त तरंगें निचले वायुमंडल में संकेंद्रित जलवाष्प द्वारा वृहद् रूप से अवशोषित होती हैं।

(d) अवरक्त तरंगें सौर विकिरण की विद्युतचुम्बकीय तरंगों के दृश्यमान स्पेक्ट्रम के भाग हैं।

73. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-I:** उष्णकटिबंधीय वर्षावनों की मृदा पोषक तत्त्वों से भरपूर होती है।

**कथन-II:** उष्णकटिबंधीय वर्षावनों के उच्च ताप और आर्द्रता के कारण मृदा में विद्यमान मृत जैव पदार्थ का द्रुत अपघटन होता है।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

(c) कथन-I सही है किन्तु कथन-II गलत है।

(d) कथन-I गलत है किन्तु कथन-II सही है

74. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-I:** ग्रीष्म ऋतु में महाद्वीपों और महासागरों के बीच तापमान विपर्यास शीत ऋतु की अपेक्षा अधिक होता है।

**कथन-II:** जल की विशिष्ट ऊष्मा, भूपृष्ठ की विशिष्ट ऊष्मा की अपेक्षा अधिक होती है।

Prepare with DrishtiIAS

Classroom Courses — SCAN ME

Online Courses — SCAN ME

Books & Magazines — SCAN ME

UPSC Mains Test Series 2023 (GS/ Optionals/Essay) — SCAN ME

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही है तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

(c) कथन-I सही है किन्तु कथन-II गलत है

(d) कथन-I गलत है किन्तु कथन-II सही है

75. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भूकम्प-लेखी (सीस्मोग्राफ) में S तरंगों से पूर्व P तरंगें अभिलिखित की जाती है।
2. P तरंगों में, अलग-अलग कण तरंग प्रसार की दिशा में आगे-पीछे कंपन करते हैं, जबकि S तरंगों में कण तरंग प्रसार की दिशा के समकोणीय ऊपर-नीचे कंपन करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/है?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

76. भारत में कोयला आधारित तापीय शक्ति संयंत्रों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उनमें से किसी में भी समुद्र जल का उपयोग नहीं होता।
2. उनमें से कोई भी जल संकट वाले ज़िले में स्थापित नहीं है।
3. उनमें से कोई भी निजी स्वामित्व में नहीं है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(a) केवल एक (b) केवल दो

(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

77. 'वोलबैचिया पद्धति' का कभी-कभी निम्नलिखित में से किस एक के संदर्भ में उल्लेख होता है?

(a) मच्छरों से होने वाले विषाणु रोगों के प्रसार को नियंत्रित करना

(b) शेष शस्य (क्रॉप रेज़िड्यु) से संवेष्टन सामग्री (पैकिंग मटीरियल) बनाना

(c) जैव निम्नीकरणीय प्लास्टिकों का उत्पादन करना

(d) जैव मात्रा के ऊष्मरासायनिक रूपांतरण से बायोचार का उत्पादन करना

78. निम्नलिखित गतिविधियों पर विचार कीजिये

1. बड़े पैमाने पर बारीक पिसी हुई बेसाल्ट शैल खेतों में बिछाना
2. चूना मिलाकर महासागरों की क्षारीयता बढ़ाना
3. विभिन्न उद्योगों द्वारा निर्मुक्त कार्बन डाइऑक्साइड का अभिग्रहण कर उसे कार्बोनिटीकृत जल के रूप में परित्यक्त भूमिगत खानों के अंदर पंप करना

उपर्युक्त गतिविधियों में से कितनी कार्बन और अभिग्रहण और विविक्तीभवन (सिकेस्ट्रेशन) के लिये प्रायः विचार और चर्चा में लाई जाती है?

(a) केवल एक (b) केवल दो

(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

79. 'एरियल मेटाजिनोमिक्स' निम्नलिखित में से किस एक स्थिति को सबसे सही निर्दिष्ट करता है?

(a) किसी पर्यावास में वायु से डी.एन.ए. प्रतिदर्शों को एक बार में एकत्र करना

(b) किसी पर्यावास की पक्षी जातियों की आनुवंशिक रचना को समझना

(c) गतिशील प्राणियों से रुधिर प्रतिदर्श लेने के लिये वायुवाहित युक्तियों का प्रयोग करना

(d) भूमितल और जल निकायों से पादप एवं जंतु प्रतिदर्श एकत्र करने के लिये अगम्य क्षेत्रों में ड्रोन भेजना

80. 'माइक्रोसैटेलाइट डी.एन.ए.' निम्नलिखित में से किस एक मामले में प्रयोग किया जाता है?

(a) प्राणिजात की विभिन्न जातियों के बीच विकासपरक संबंधों का अध्ययन करना

(b) 'स्टेम कोशिकाओं' को विविध प्रकार्यात्मक ऊतकों में रूपांतरित होने के लिये उद्दीप्त करना

(c) उद्यान-कृषि के पादपों के क्लोनी प्रसार को संवर्धित करना

(d) किसी समष्टि में शृंखलाबद्ध औषध परीक्षण कर औषधों की प्रभावकारिता का आकलन करना

81. जननी सुरक्षा योजना के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. यह राज्यों के स्वास्थ्य विभागों की एक सुरक्षित मातृत्व की योजना है।
2. इसका उद्देश्य गरीब गर्भवती महिलाओं में मातृ तथा नवजात शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है।
3. इसका लक्ष्य गरीब गर्भवती महिलाओं के लिये स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव को बढ़ावा देना है।
4. इसके उद्देश्यों में एक वर्ष की आयु तक के बीमार बच्चों को लोक स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करना शामिल है।

Prepare with DrishtiIAS

Classroom Courses
SCAN ME

Online Courses
SCAN ME

Books & Magazines
SCAN ME

UPSC Mains Test Series 2023 (GS/ Optionals/Essay)
SCAN ME

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) केवल तीन (d) सभी चार

82. एनीमिया मुक्त भारत रणनीति के अंतर्गत की जा रही व्यवस्थाओं के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसमें स्कूल जाने से पूर्व के (प्री-स्कूल) बच्चों, किशोरों और गर्भवती महिलाओं के लिये रोगनिरोधक कैल्सियम पूरकता प्रदान की जाती है।
2. इसमें शिशु जन्म के समय देरी से रज्जु बंद करने के लिये अभियान चलाया जाता है।
3. इसमें बच्चों और किशोरों की निर्धारित अवधियों पर कृमि-मुक्ति की जाती है।
4. इसमें मलेरिया, हीमोग्लोबिनोपैथी और फ्लुओरोसिस पर विशेष ध्यान देने के साथ स्थानिक बस्तियों में एनीमिया के गैर-पोषण कारणों की ओर ध्यान दिलाना शामिल है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) केवल तीन (d) सभी चार

83. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ऑटोमोबाइल और एयरक्राफ्ट में प्रयुक्त होने वाले अवयवों के विनिर्माण में कार्बन तंतुओं का इस्तेमाल होता है।
2. कार्बन तंतु एक बार प्रयुक्त होने पर पुनर्चक्रित किये जा सकते।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

84. निम्नलिखित क्रियाओं पर विचार कीजिये:

1. कार क्रैश/टक्कर का, जिससे एयरबैग लगभग तुरंत फैल जाते हैं, पता लगाना
2. लैपटॉप अचानक धरातल पर गिर पड़ने का, जिससे हार्ड ड्राइव तुरंत बंद हो जाता है, पता लगाना
3. स्मार्टफोन के झुकाव का, जिससे पोर्ट्रेट और लैंडस्केप मोड के बीच प्रदर्शन (डिस्प्ले) घूम जाता है, पता लगाना

उपर्युक्त में से कितनी क्रियाओं में, त्वरणमापी (ऐक्सेलरोमीटर) के प्रकार्य की आवश्यकता है?

(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (d) किसी में भी नहीं

85. पुनर्संचरणशील ऐक्वाकल्चर प्रणाली में जैव निस्यंदकों (बायोफिल्टर) की भूमिका के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जैव निस्यंदक, बिना खाए हुए मत्स्य चारे को हटाकर, अपशिष्ट उपचार प्रदान करते हैं।
2. जैव निस्यंदक, मत्स्य अपशिष्ट में विद्यमान अमोनिया को नाइट्रेट में बदल देते हैं।
3. जैव निस्यंदक, जल में मत्स्य के लिये पोषक तत्त्व के रूप में फॉस्फोरस को बढ़ाते हैं।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?

(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (a) कोई भी नहीं

86. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **अंतरिक्ष में पिंड** | | **वर्णन** |
|---|---|---|---|
| 1. | सेफीड | : | अंतरिक्ष में धूल और गैस के विशाल बादल |
| 2. | नीहारिकाएँ | : | तारे जो आवर्ती रूप से जलते-बुझते हैं |
| 3. | पल्सर | : | न्यूट्रॉन तारे जो तब बनते हैं जब विशाल तारों का ईंधन खत्म हो जाता है और उनका निपात हो जाता है |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?

(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

87. निम्नलिखित देशों में से किस एक के पास अपनी उपग्रह मार्गनिर्देशन (नैविगेशन) प्रणाली है?

(a) ऑस्ट्रेलिया (b) कनाडा
(c) इज़रायल (d) जापान

88. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बैलिस्टिक मिसाइल अपनी पूरी उड़ान में अवध्वनिक चाल पर प्रधार-नोदित होती हैं, जबकि क्रूज़ मिसाइल केवल उड़ान के आरंभिक चरण में रॉकेट संचालित होती हैं।
2. अग्नि-V मध्यम दूरी की पराध्वनिक क्रूज़ मिसाइल है, जबकि ब्रह्मोस ठोस ईंधन चालित अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

Prepare with DrishtiIAS

Classroom Courses SCAN ME
Online Courses SCAN ME
Books & Magazines SCAN ME
UPSC Mains Test Series 2023 (GS/ Optionals/Essay) SCAN ME

89. पारा प्रदूषण के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. स्वर्ण खनन गतिविधि विश्व में पारा प्रदूषण का स्रोत है।
2. कोयला-आधारित ऊष्मीय शक्ति संयंत्र (थर्मल पावर प्लांट) से पारा प्रदूषण होता है।
3. पारा के संपर्क में आने का कोई ज्ञात सुरक्षा स्तर नहीं है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?
(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

90. हरित हाइड्रोजन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. इसे आंतरिक दहन के लिये ईंधन के रूप में सीधे इस्तेमाल किया जा सकता है।
2. इसे प्राकृतिक गैस के साथ मिलाकर ताप या शक्ति जनन के लिये ईंधन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।
3. इसे वाहन चालन के लिये हाइड्रोजन ईंधन प्रकोष्ठ में इस्तेमाल किया जा सकता है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?
(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

91. भारत के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. 'सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (एम.एस.एम.ई.डी.) अधिनियम 2006' के अनुसार, 'जिनके संयंत्र और मशीन में निवेश 15 करोड़ रुपये से 25 करोड़ रुपये के बीच हैं, वे मध्यम उद्यम हैं'।
2. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को दिये गए सभी बैंक ऋण प्राथमिकता क्षेत्रक के अधीन अर्ह हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/है?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

92. केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्राओं के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. यू.एस. डॉलर या एस.डब्ल्यू.आई.एफ.टी. प्रणाली का प्रयोग किये बिना डिजिटल मुद्रा में भुगतान करना संभव है।
2. कोई डिजिटल मुद्रा इसके अंदर प्रोग्रामिंग प्रतिबंध, जैसे कि इसके व्यय के समय-ढाँचे के साथ वितरित की जा सकती है।

उपर्यक्त कथनों में से कौन-सा /से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

93. वित्त के संदर्भ में, शब्द 'बीटा' किसे निर्दिष्ट करता है?
(a) अलग-अलग प्लेटफॉर्मों से, साथ-साथ किसी परिसंपत्ति को खरीदने और बेचने की प्रक्रिया
(b) किसी पोर्टफोलियो प्रबंधक की, जोखिम और प्रतिफल के बीच संतुलन लाने की, निवेश कार्यनीति
(c) एक प्रकार का व्यवस्थागत जोखिम, जो वहाँ उत्पन्न होता है जहाँ पूर्ण प्रतिरक्षा संभव नहीं है।
(d) एक संख्यात्मक मान, जो पूरे स्टॉक बाज़ार में होने वाले परिवर्तनों के प्रति किसी स्टॉक के विचलनों को मापता है।

94. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. स्वयं सहायता समूह [सेल्फ-हेल्प ग्रुप (एस.एच.जी.)] कार्यक्रम मूलत: भारतीय स्टेट बैंक द्वारा वित्तीय रूप से वंचितों को लघु ऋण प्रदान कर प्रारंभ किया गया था।
2. किसी एस.एच.जी. में, समूह के सभी सदस्य उस ऋण के लिये उत्तरदायित्व लेते हैं, जो ऋण कोई अकेला सदस्य लेता है।
3. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक एस.एच.जी. को समर्थन देते हैं।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?
(a) केवल एक (b) केवल दो
(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

95. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
**कथन-I**: भारत की सार्वजनिक क्षेत्रक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली सीमित निरोधक, वर्धक और पुन:स्थापक देखभाल के साथ मुख्यत: रोगनाशक व्यवस्था पर ध्यान केन्द्रित करती है।
**कथन-II**: भारत के स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के विकेंद्रीकृत उपागम के अंतर्गत, राज्य प्राथमिक रूप से स्वास्थ्य सेवाओं को जुटाने के लिये उत्तरदायी हैं।
उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?
(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।
(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है
(c) कथन-I सही है किन्तु कथन-II गलत है।
(d) कथन-I गलत है किन्तु कथन-II सही है।

Prepare with DrishtiIAS
Classroom Courses SCAN ME
Online Courses SCAN ME
Books & Magazines SCAN ME
UPSC Mains Test Series 2023 (GS/ Optionals/Essay) SCAN ME

96. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-I:** संयुक्त राष्ट्रसंघ की 'विश्व जल विकास रिपोर्ट, 2022' के अनुसार, भारत प्रतिवर्ष विश्व के भौम जल के एक-चौथाई से अधिक जल का निष्कर्षण करता है।

**कथन-II:** भारत को अपने राज्यक्षेत्र में रहने वाली विश्व की लगभग 18% जनसंख्या के पेय जल और स्वच्छता आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये प्रतिवर्ष विश्व में भौम जल के एक-चौथाई से अधिक जल का निष्कर्षण करने की ज़रूरत है।

उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(a) कथन-1 और कथन-II दोनों सही है कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही है तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

(c) कथन-I सही है किन्तु कथन-II गलत है।

(d) कथन-I गलत है किन्तु कथन-II सही है।

97. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत के संविधान के अनुसार, केंद्र सरकार का यह एक दायित्व है कि वह राज्यों को आंतरिक विक्षोभों से बचाए।
2. भारत का संविधान राज्यों को, निवारक निरोध में रखे जा रहे किसी व्यक्ति को विधिक काउंसेल उपलब्ध कराने से छूट प्रदान करता है।
3. आतंकवाद निवारण अधिनियम, 2002 के अनुसार, पुलिस के समक्ष अभियुक्त की संस्वीकृति को साक्ष्य के रूप में प्रयुक्त नहीं किया जा सकता।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(a) केवल एक (b) केवल दो

(c) सभी तीन (d) कोई भी नहीं

98. निम्नलिखित में से कौन-सा एक देश, दशकों से गृहकलह और खाद्य संकट से त्रस्त रहा है तथा हाल के पिछले दिनों में अति गंभीर दुर्भिक्ष के लिये समाचारों में था?

(a) अंगोला (b) कोस्ता रीका

(c) इक्वाडोर (d) सोमालिया

99. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में जैव विविधता प्रबंधन समितियाँ नागोया प्रोटोकॉल के उद्देश्यों को हासिल करने के लिये प्रमुख कुंजी हैं।
2. जैव विविधता प्रबंधन समितियों के, अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत, जैविक संसाधनों तक पहुँच के लिये संग्रह शुल्क लगाने की शक्ति सहित, पहुँच और लाभ सहभागिता निर्धारित करने के लिए, महत्त्वपूर्ण प्रकार्य हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

100. भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचन के बारे में, निम्निलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संसद के दोनों में से किसी भी सदन या राज्यों की विधान-सभाओं में नामनिर्दिष्ट किये गए सदस्य निर्वाचक मंडल में शामिल किये जाने के लिये भी अर्ह है।
2. निर्वाच्य विधान-सभा सीटें जितनी अधिक होती हैं, उस राज्य के प्रत्येक एम.एल.ए. के वोट का मान भी उतना ही अधिक होता है।
3. मध्य प्रदेश के प्रत्येक एम.एल.ए. के वोट का मान, केरल के प्रत्येक एम.एल.ए. के वोट के मान से अधिक है।
4. पुदुच्चेरी के प्रत्येक एम.एल.ए. के वोट का मान, अरुणाचल प्रदेश के प्रत्येक एम.एल.ए. के वोट के मान से अधिक है, क्योंकि अरुणाचल प्रदेश की तुलना में पुदुच्चेरी में कुल जनसंख्या का निर्वाच्य सीटों की कुल संख्या से अनुपात अधिक है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही है?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) केवल तीन

(d) सभी चार

Prepare with DrishtiIAS

Classroom Courses SCAN ME

Online Courses SCAN ME

Books & Magazines SCAN ME

UPSC Mains Test Series 2023 (GS/ Optionals/Essay) SCAN ME